न्यायालय जिला कलक्टर, कोटपूतली–बहरोड़ (राजस्थान)

प्रार्थना पत्र संख्या	प्रवेश तिथि	निर्णय दिनांक
62 / 2023	21.09.2023	24.01.2024

1. लालचन्द पुत्र प्रभात यादव निवासी ग्राम कायमपुरा बास तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड़। ....प्रार्थी

बनाम

1. उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड़। ....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र मुन्तकिल

---:: निर्णय ::---

प्रार्थी ने उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण बअनुवानी सरकार बनाम बनवारीलाल, को किसी दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किए जाने हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर पीठासीन अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली से प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों पर टिप्पणी तलब की गई। उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली ने अपने पत्र क्रमांक राजस्व कोर्ट / 2023 / 145 दिनांक 03.11.2023 के द्वारा बिन्दुवार रिपोर्ट पेश की।

प्रार्थी स्वयं उपस्थित होकर मुन्तकिल प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण बअनुवानी सरकार बनाम बनवारीलाल, को किसी दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किए जाने का निवदेन किया।

अप्रार्थी उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली ने अपनी टिप्पणी में प्रार्थी द्वारा लगाये गये आरोपों का खण्डन किया है। प्रार्थी को गौर से सुनने एवं पत्रावली का भलीभांति अवलोकन करने पर यह परिलक्षित होता है कि दौराने सुनवाई पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रकरण में ऐसी कोई कार्यवाही किया जाना नहीं पाया गया है, जिससे प्रकरण को अन्यत्र न्यायालय में मुन्तकिल किया जावे। प्रार्थी द्वारा मुन्तकिल प्रार्थना पत्र में लगाये गये आरापों की पुष्टि नहीं होती है। प्रार्थी ने मुन्तकिल प्रार्थना पत्र में लगाये गये आरोपों का कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। केवल कयास के आधार पर यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र पेश किया है जो सही नही है। मात्र कयास के आधार पर प्रकरण को मुन्तकिल किया जाना न्यायोचित नही है। फलस्वरूप मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली को भिजवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमिल दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

न्यायालय जिला कलक्टर ... सत्यमेव जयते

(कल्पना अग्रवाल)
जिला कलक्टर
कोटपूतली–बहरोड़

जिला कलक्टर
कोटपूतली–बहरोड़

न्यायालय जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़

प्र० सं० 62/203 ओमप्रकाश बनाम SDO कोटपूतली (मुन्तकिल प्रार्थना)

24/01/25 पत्रावली आज पेश हुई। पक्षकारान को आवाज लगाई गई। प्रार्थी स्वयं उपस्थित/अप्रार्थी स्वयं व उनके अधिवक्ता कोई भी उपस्थित नहीं आये। प्रकरण का अवलोकन किया गया। मुन्तकिल प्रार्थना पत्र में अंकित पीठासीन अधिकारी को स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र (मुन्तकिल प्रार्थना) पर प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेश अलग से लिखवाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

[illegible]

जिला कलक्टर
कोटपूतली-बहरोड़